# Speaking at Press Conference in Lucknow

February 03, 2017

लखनऊ में हमारे प्रेस के सभी भाइयों बहनों को मैं प्रणाम करता हूँ | आज वास्तव में जब मैं लखनऊ के लिए निकला तब मेरे मन में कई विषय थे कि आज आप सबसे चर्चा करूँगा, यहाँ के विकास की बात, यहाँ के विद्युतीकरण की बात | लेकिन उत्तर प्रदेश की लगातार बिगडती हुई कानून व्यवस्था और जिस प्रकार से गुंडाई राज ने पूरे उत्तर प्रदेश को घेर रखा है उससे बहुत बड़े...... जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगडती जा रही है, जिस प्रकार से गुंडाई राज ने उत्तर प्रदेश को घेर रखा है | लखनऊ में पहुँचके मुझे पता चला कि मेरठ के दुखद काण्ड की वजह से जिसमें व्यापारियों के ऊपर हमला हुआ, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी ने आज का वहां का कार्यक्रम भी रद्द किया और उनके परिवार जनों को मिलने जा रहे थे तब परिवार वालों ने बताया कि अब हम अंतिम संस्कार के लिए जा रहे हैं तो आज आप मत आइये एक दो दिन बाद आइये, तो अमित शाह जी .... एक दो दिन बाद वहाँ पे जाऊंगा |

आज लखनऊ कार्यालय पहुँचके मुझे लखनऊ की बहुत ही दुखद समाचार की सूचना मिली, शरण साहू जी जो कई वर्षों से अपने लड़के की हत्या के लिए न्याय के लिए लड़ रहे थे, जिन्होंने कई महीनों से दरख्वास्त की थी यहाँ की सरकार से कि उन्हें सुरक्षा का प्रबंध किया जाये, जिनकी जान को खतरा था | पुलिस ने उनकी सुरक्षा करने के बदले जो हत्याकारी जेल में थे उनके साथ मिलीभगत में उस नौजवान के पिताजी की जो हत्या की है मैं उसकी निंदा करता हूँ, उसने बहुत चोट पहुंचाई है मुझे | और आज पूरे उत्तर प्रदेश का व्यापारी समाज चिंता में है, घबराया हुआ है कि इस प्रकार की कानून व्यवस्था में कैसे अपने जीवन की सुरक्षा

करे, कैसे अपना व्यापार करे | हम जानते हैं कई वर्षों से यहाँ की कानून व्यवस्था लगातार बिगडती जा रही है, महिलाएं सुरक्षित नहीं महसूस करती हैं अपने आपको, लड़कियां अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं, व्यापारी को भय है| ऐसी परिस्थिति में दिन दहाड़े कल मेरठ में, परसों लखनऊ में, इन दोनों हत्या कांडों से यह साफ़ ज़ाहिर होता है कि उत्तर प्रदेश में सरकार ने कानून व्यवस्था को एकदम तसत-भ्रस्त कर दिया है | और भ्रष्टाचार और गुंडाई में लिप्त यह सरकार और अब कांग्रेस, भ्रष्टाचारी कांग्रेस और भ्रष्टाचारी समाजवादी पार्टी का यह मिलन इस प्रदेश को बर्बादी के रस्ते लेके जा रहा है |

वास्तव में आज मन बहुत व्याकुल है, बहुत चिंतित है कि किस प्रकार से इस प्रदेश में आगे आने वाले दिनों में इस सरकार के रहते व्यवस्था काबू में लाई जाएगी | मैंने अभी पता लगाया तो पता चला कि पूरे समाज में, व्यापारी समाज में आज भय का वातावरण हैं | मैं समझता हूँ यह जो बलिदान पहले साहू जी के लड़के ने दिया, उसकी न्याय मांगते मांगते, दरवाज़ा खटखटाते खटखटाते यहाँ की सरकार के अब श्रवण साहू जी की भी बेहद दुखद तरीके की मौत............ जो पीड़ा हुई है उसके साथ मैं स्वयं व्यक्तिगत रूप में और भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इनके साथ खड़ा है | इन घटनाओं के विरोध में हम सब मिलके सामना करेंगे और वास्तव में तो मैं सीधा ही उनके घर जाना चाह रहा था लेकिन मुझे कार्यकर्ताओं ने बताया कि आप सब यहाँ आ चुके हैं, उपस्थित हो चुके हैं इसलिए मुझे लगा कि मैं आप सबसे मिल लूं | लेकिन जिस प्रकार से घोर अपराध में गिरी हुई, भ्रष्टाचार से लिप्त समाजवादी पार्टी की सरकार और अब भ्रष्टाचार से लिप्त कांग्रेस-बसपा गठबंधन इस प्रदेश को और बुरी अवस्था में लेके जाने के लिए जुटा हुआ है मैं समझता हूँ हम इसकी घोर निंदा करते हैं |

मुझे अभी अभी कार्यकर्ता बता रहे थे टेलीविज़न पे इश्तिहार में भी इस प्रकार का मजाक के रूप में इश्तिहार दिए जा रहे हैं उससे यह साफ़ ज़ाहिर होता है कि यह गठबंधन ज़रा भी सीरियस नहीं है, ज़रा भी चिंतित नहीं है किस प्रकार से यहाँ पे गुंडाई और भ्रष्टाचार उत्तर प्रदेश में फैली हुई है और भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा करती है इस प्रकार की सरकार का, इनके कारनामों का | और मैं यहीं से सीधा साहू जी के परिवार वालों को मिलने जा रहा हूँ | दिनेश शर्मा यहाँ के महापौर, लखनऊ के महापौर और डॉक्टर अनिल जैन, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और मैं, हम तीनों, साहू समाज के ..... अध्यक्ष रामनायक साहू जी हमारे साथ चल रहे हैं और हम सब अपनी संवेदना देने श्रवण साहू जी के घर जा रहे हैं, उनके परिवार वालों को मिलने जा रहे हैं | हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जो आज मेरठ में परिवार वालों को मिल नहीं पाए, उनको, एकदम उनको कहा मिलने जायेंगे आज अंतिम संस्कार के लिए सभी .... सदस्य परिवार के निकल चुके थे उसके .... उनको मिल नहीं पाए, एक दो दिन में फिर जायेंगे .... मिलने | मेरी भी इक्षा है कि मैं भी एक दो दिन में जाके मेरठ में अपने व्यापारी भाई के साथ जिस प्रकार से बहुत ही घोर, मैं समझता हूँ यह इस प्रकार का जो कानून व्यवस्था है उत्तर प्रदेश में बार बार देखने को मिल रही है और कई वर्षों से व्यापारी भयभीत हुआ बैठा है | इसको अब समाप्त करने का समय आ गया है |

भारतीय जनता पार्टी इस प्रकार के सरकार की निंदा करती है, इस प्रकार के कानून व्यवस्था को सँभालने वालों की निंदा करती है | और उत्तर प्रदेश का पूरा जनता इससे चिंतित है, भयभीत है और वह ज़रूर आगे आने वाले दिनों में इसका सही जवाब कांग्रेस और सपा के इस गठबंधन को अवश्य रूप से देंगे |

धन्यवाद |

नहीं बताने के लिए तो 6 दिन में और ज्यादा बहुत कुछ लाया हूँ, मेरे मन में था कि आज बिजली के ऊपर ही चर्चा करूँ लेकिन दुर्भाग्य से जिस प्रकार की एक के बाद एक घटनाओं की खबर मिली है तो मैं समझता हूँ आज मन व्याकुल है, आज मुझे उस परिवार की चिंता है, मेरे व्यापारी भाई बहनों की चिंता है जो असुरक्षित अपने आपको महसूस कर रहे हैं | मैं फिर दो दिन बाद आ जाऊंगा, यह सब मैं बिजली का ही लाया हूँ, यह सब लाया हूँ आज आते आते गाडी से जब मैं आ रहा था तब मैंने देखा कि बिजली की व्यवस्था सुधारने के रोड शो के लिए आपकी बिजली की तारें ऊपर कर रहे थे क्योंकि एक रोड शो जाना है उस जगह से | क्या सामान्य आदमी, सामान्य नागरिक की चिंता नहीं है कि तारें लटक रही हैं उसको ठीक किया जाये या नेता जब जायेंगे रोड से पे तभी वह तारों को ठीक किया जायेगा | वैसे तो मेरे पास इतने सारे मुद्दे लेके आया हूँ लेकिन जो गुस्सा आया है यहाँ आने के बाद उससे मुझे लगा सही है इसके लिए मैं वापिस कल आ जाऊंगा | लेकिन आज नहीं मूड है तो आज बिजली की बात करूँ कि इस प्रकार से व्यापारियों के साथ जो अन्याय हो रहा है | आपको नहीं चिंता होगी आपके जीवन की? आपको नहीं भय होता है कि आपके साथ क्या होगा? जो एक पत्रकार के साथ लखनऊ में हुआ कल आपके साथ हो सकता है, क्या इस प्रकार की कानून व्यवस्था की चिंता नहीं है आपको?